राजस्थान CET 12वीं स्तर 2022 (शिफ्ट IV, कोड 134D)

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

निम्नलिखित में से कौन सा एक ऑटोइम्यून रोग है ?

(A) सिस्टिक फाइब्रोसिस
(B) सिकल सेल एनीमिया
(C) रियूमेटायड आर्थराइटिस ✓
(D) अल्जाइमर रोग

Q.2

निम्न में से किस उपकरण में एक बेलनाकार ड्रम होता है, जिसे 'फोटोरेसेप्टर' कहते हैं ?

(A) कीबोर्ड
(B) लेज़र प्रिंटर ✓
(C) जॉयस्टिक
(D) फ्लैटबेड प्लॉटर

Q.3

Choose the correct Hindi translation of the following word from the given options : Memo

(A) अर्धसरकारी पत्र
(B) ज्ञापन ✓
(C) शपथ-पत्र
(D) प्रस्तुति

Q.4

42 मी व्यास के वृत्ताकार घास के मैदान में बाहर चारों ओर 3.5 मी चौड़ा रास्ता है। रास्ते में 4₹ प्रतिवर्ग मीटर की दर से कंकड़ बिछवाने का खर्च क्या होगा ?

(A) 2002 ₹ ✓
(B) 500.5 ₹
(C) 2012 ₹
(D) 1001 ₹

Q.5

स्वस्थ बैक्टीरिया जो जठरांत्र नली में बी-कॉम्पलेक्स विटामिन को संश्लेषित करता है, वह है –

(A) बेसिलस सीरस
(B) बिफिडोबैक्टीरिया (बिफिडोजीवाणु)
(C) ई. कोलाई ✓
(D) स्टेफाइलोकोकस ऑरियस

Q.6

शब्द 'संकर ओज' किसने प्रतिपादित किया ?

(A) जोन्स (1918)
(B) एलार्ड (1960)
(C) जी.एच. शल (1914) ✓
(D) कॉलरियुटर (1763)

Q.7

लाख कीट के किस भाग से लाख का स्त्रवण होता है ?

(A) त्वचा ✓
(B) लार ग्रन्थि
(C) उदरीय ग्रन्थि
(D) गुदा छिद्र

Q.8

Choose the correct option : A tender is a written information/invitation:

(A) sent to potential suppliers of goods & services ✓
(B) sent to buyers for goods & services
(C) sent for govt. institutions only
(D) sent to private institutions only

Q.9

विंडोज़ 10 कौन-सा फाईल सिस्टम प्रयोग करता है ?

(A) फेट 16
(B) फेट 32
(C) एनटीएफएस ✓
(D) एलएमएफएस

Q.10

ऐल्कोहॉल और जल के मिश्रण को सबसे अच्छी तरह से अलग किया जा सकता है –

(A) वाष्पीकरण द्वारा
(B) ऊर्ध्वपातन द्वारा
(C) प्रभाजी आसवन द्वारा ✓
(D) निस्तारण द्वारा

Q.11

राजस्थान में डॉ. सविता बेन आम्बेडकर अन्तर्जातीय विवाह योजना के अन्तर्गत जोड़ों को कितना इनाम दिया जाता है ?

(A) ₹ 5 Lacs / लाख
(B) ₹ 2.5 Lacs / लाख
(C) ₹ 10 Lacs / लाख ✓
(D) ₹ 7 Lacs / लाख

Q.12

एक मानव कायिक कोशिका में ____ गुणसूत्र होते हैं।

(A) 23
(B) 46 ✓
(C) 50
(D) 28

Q.13

किस समिति की सिफारिश पर 1958 में राजस्थान उच्च न्यायालय की जयपुर बेंच को समाप्त किया गया था ?

(A) सत्यनारायण राव समिति ✓
(B) गिरधारी लाल व्यास समिति
(C) मधुकर गुप्ता समिति
(D) सुरेश माथुर समिति

Q.14

एक 6 m ऊँचा खंभा जमीन पर $2\sqrt{3}$ मी लम्बी छाया डालता है। उसी क्षण सूर्य का उन्नयन कोण है -

(A) 30°
(B) 45°
(C) 60° ✓
(D) 90°

Q.15

ग्रेफाइट में विभिन्न परतें एक साथ आयोजित रहती हैं -

(A) आयनिक बंध से
(B) दुर्बल वान डर वाल्स बल से ✓
(C) धात्विक बंध से
(D) सहसंयोजक बंध से

Q.16

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.17

निम्नलिखित में से 'गो' का अनेकार्थक शब्द समूह है -

(A) श्रेष्ठ, भार, शिक्षक
(B) स्वर्ण, जल, पारा
(C) स्वर्ग, सूर्य, बैल ✓
(D) वेद, शंख, समुद्र

Q.18

निम्नलिखित में से कौन-सी चित्रशैली गीत गोविन्द पर आधारित चित्रों के लिये जानी जाती है ?

(A) मारवाड़
(B) मेवाड़ ✓
(C) मेवात
(D) किशनगढ़

Q.19

राजस्थान स्पिनिंग एण्ड विविंग मिल कहाँ स्थापित की गई है ?

(A) अजमेर
(B) ब्यावर
(C) भीलवाड़ा ✓
(D) भिवाड़ी

Q.20

जयपुर के किस दुर्ग में तोपें बनाने का कारखाना है ?

(A) आमेरगढ़
(B) नाहरगढ़
(C) जयगढ़ ✓
(D) मोती डूंगरी

Q.21

राज्य मंत्रिपरिषद् अपने पद पर बना रहता है.....प्रसाद पर्यंत ।

(A) मुख्यमंत्री
(B) स्पीकर
(C) पार्टी अध्यक्ष
(D) राज्यपाल ✓

Q.22

हिमालय की निम्नलिखित चोटियों में से जो नेपाल में नहीं है, वह है-

(A) अन्नपूर्णा
(B) धौलागिरि
(C) कॉमेट ✓
(D) मकालू

Q.23

Choose the most apt English translation of the following sentence. वह बाल-बाल बचा।

(A) He had a hair escape.
(B) He had a narrow escape. ✓
(C) He had an escape by hair.
(D) He was narrowly escaped.

Q.24

एक धातु जो एकनाभिकीय कार्बोनिल नहीं बनाती हैं, है -

(A) Mo
(B) Fe
(C) Co ✓
(D) V

Q.25

'ग्लूटेन मुक्त आहार' उन रोगियों के लिये प्रस्तावित किया जाता है जो पीड़ित हैं -

(A) सीलियक रोग से ✓
(B) उच्च रक्तचाप से
(C) मधुमेह से
(D) यकृतशोथ से

Q.26

एक कूट भाषा में DEBTOR को DGFTQV लिखा जाता है तो उसी कूट भाषा में ENWRAP को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(A) GPYTCR
(B) RCTYPG
(C) YPGRCT ✓
(D) TCRGPY

Q.27

दो या अधिक राज्यों के लिए संयुक्त लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ?

(A) प्रधानमंत्री द्वारा
(B) राज्यों के राज्यपालों द्वारा
(C) राष्ट्रपति द्वारा ✓
(D) संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष द्वारा

Q.28

एम. एस. एक्सेल में कौन-सा ऑपरेटर एब्सोल्यूट सेल रेफरेंसिंग के लिए प्रयोग किया जाता है ?

(A) $ ✓
(B) V
(C) ?
(D) =

Q.29

खाद्य श्रृंखला के अनुसार, मनुष्य होता है -

(A) उत्पादक
(B) उपभोक्ता ✓
(C) उत्पादक एवं उपभोक्ता दोनों
(D) उत्पादक एवं अपघटक

Q.30

जिला न्यायाधीश नियुक्त किए जाते हैं-

(A) मुख्यमंत्री द्वारा
(B) राज्यपाल द्वारा ✓
(C) भारत के राष्ट्रपति द्वारा
(D) भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा

Q.31

Choose the appropriate one-word substitution :
One who plans and draws the design of buildings and superintends their construction.

(A) Designer
(B) Draughtsman
(C) Architect ✓
(D) Compositor

Q.32

यदि P की आय Q से 40% अधिक है, तब Q की आय P से कितनी प्रतिशत कम है ?

(A) 40%
(B) 28%
(C) $28\frac{4}{7}\%$ ✓
(D) $28\frac{4}{7}\%$

Q.33

बाड़मेर जिले में अच्छी किस्म के लिग्नाइट के निक्षेप कहां मिले हैं।

(A) पलाना
(B) बरसिंहसर
(C) कपूरड़ी ✓
(D) मेड़ता

Q.34

एसडी रैम (SD RAM) से तात्पर्य है –

(A) स्ट्रेट डायनेमिक रैम (Straight Dynamic RAM)
(B) सरफेस डायनेमिक रैम (Surface Dyamic RAM)
(C) सिंक्रोनस डायनेमिक रैम (Synchronous Dynamic RAM) ✓
(D) सीरियल डायनेमिक रैम (Serial Dynamic RAM)

Q.35

₹ 78,000 का $6\frac{2}{3}\%$ प्रति वर्ष की दर से 9 माह का साधारण ब्याज है –

(A) 3,300
(B) 3,500
(C) 3,600
(D) 3,900 ✓

Q.36

किस विकल्प में 'द्वन्द्व' समास नहीं है?

(A) दालभात
(B) भूतप्रेत
(C) शुभाशुभ
(D) शुभागमन ✓

Q.37

इलेक्ट्रॉन स्नेही प्रतिस्थापन अभिक्रिया का उदाहरण है –

(A) मीथेन का क्लोरीनीकरण
(B) मिथाइल क्लोराइड का मिथाइल ऐल्कोहॉल में परिवर्तन
(C) बेंजीन का नाइट्रीकरण ✓
(D) इथाइल ऐल्कोहॉल से एथिलीन का निर्माण

Q.38

भारत सरकार ने ____ तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है।

(A) 2025 ✓
(B) 2027
(C) 2030
(D) 2028

Q.39

'हाथी परियोजना' कब प्रारम्भ की गई ?

(A) फरवरी, 2002
(B) फरवरी, 1992 ✓
(C) अप्रैल, 2002
(D) अप्रैल, 1992

Q.40

अवतल लेंस में प्रतिबिम्ब हमेशा होता है –

(A) सीधा एवं वास्तविक
(B) सीधा एवं आभासी ✓
(C) उल्टा एवं वास्तविक
(D) उल्टा एवं आभासी

Q.41

अंग्रेजों ने अमीर खाँ को किस वर्ष टोंक के नवाब की मान्यता प्रदान की?

(A) 1816 ई.
(B) 1817 ई. ✓
(C) 1818 ई.
(D) 1819 ई.

Q.42

(x ^ 4 + 5x ^ 3 + 6x ^ 2) बराबर है-

(A) X(x ^ 2 + 3)(x + 2)
(B) X ^ 2 (x - 3)(x-2)
(C) x (x ^ 2 + 2) (x + 3)
(D) x ^ 2 (x+3)(x+2) ✓

Q.43

पेटेंट मापदंड में क्या सम्मिलित नहीं है ?

(A) नवीनता
(B) आविष्कारशील कदम
(C) औद्योगिक उपयोग करने में सक्षम
(D) प्रकाशित आँकड़े ✓

Q.44

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम कब लागू हुआ ?

(A) सितम्बर 2005 ✓
(B) अक्टूबर 2006
(C) फरवरी 2005
(D) जनवरी 2008

Q.45

मुगल शासको के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों के कारण जयपुर के कच्छवाहा शासकों द्वारा जारी किए गए सिक्के कहलाते थे ?

(A) विजयशाही
(B) भिलाड़ी
(C) दीनार
(D) झाड़शाही ✓

Q.46

Choose the correct indirect speech of -
He said to her, "If what you say is true I must go to the police."

(A) He said that if what he said was true, he would have to go to the police.
(B) He said that if what she said was true, he must go to the police. ✓
(C) He said that if what she said is true she must go to the police.
(D) He said that if what she said was true I must go to the police.

Q.47

'थेवा कला' के लिए प्रसिद्ध परिवार कौन-सा है ?

(A) खण्डेलवाल परिवार
(B) गहलोत परिवार
(C) शेखावत परिवार
(D) सोनी परिवार ✓

Q.48

'प्रत्येक' में कौन-सा उपसर्ग है ?

(A) प्र
(B) प्रति ✓
(C) प्रती
(D) प्रः

Q.49

'मोर' का पर्यायवाची नहीं है -

(A) सारंग
(B) मयूर
(C) केकी
(D) केसरी ✓

Q.50

निम्नलिखित में से किस पादप से रेशे, तेल एवं चारा प्राप्त होता है ?

(A) अलसी ✓
(B) कपास
(C) मूंगफली
(D) जूट

Q.51

They gave her a clock. (Change into passive)

(A) She was given a clock. ✓
(B) A clock is given to her.
(C) She has been given a clock.
(D) A clock was being given to her.

Q.52

आर्टेमिस 1 नामक अंतरिक्ष मिशन लॉन्च किया गया -

(A) ISRO द्वारा
(B) JAXA द्वारा
(C) NASA द्वारा ✓
(D) ESA द्वारा

Q.53

यदि $\cos\theta + \cos^2\theta = 1$ है, तो $\sin^2\theta + \sin^4\theta$ किसके बराबर है ?

(A) 0
(B) $\frac{1}{2}$
(C) 1 ✓
(D) 2

Q.54

जब कई सूचियों में डाटा बदल जाता है, व सभी सूचियाँ अपडेट नहीं होती, इसकी वजह से __ होता है।

(A) डाटा रीडंडेंसी
(B) इनफॉर्मेशन ओवरलोड
(C) डाटा कॉनकरेंसी
(D) डाटा इंकंसिस्टेंसी ✓

Q.55

एक पुत्र एवं उसके पिता की आयु का अनुपात 1:4 है। उनकी आयु का गुणनफल 196 है। 5 वर्ष बाद उनकी आयु में अनुपात होगा-

(A) 1:3
(B) 3:10
(C) 4:11 ✓
(D) 14:5

Q.56

'एकैक' शब्द का सही संधि-विच्छेद है -

(A) एक + एक ✓
(B) एका + एक
(C) एक + ऐक
(D) ऐका + ऐक

Q.57

स्वामी दयानन्द सरस्वती का सम्बन्ध राजस्थान के किस जिले से रहा था?

(A) जयपुर
(B) कोटा
(C) भरतपुर
(D) अजमेर ✓

Q.58

'बरखान/बरकान' स्थलाकृति किस भौतिक विभाग से संबद्ध है-

(A) पर्वतीय प्रदेश
(B) पठारी प्रदेश
(C) मैदानी प्रवेश
(D) मरुस्थलीय प्रदेश ✓

Q.59

निम्न में से कौन-सी लौह-अयस्क की किस्म है?

(A) गैलेना
(B) बिटूमिनस
(C) हेमेटाइट ✓
(D) एन्थ्रासाइट

Q.60

1 नवम्बर, 2022 को किस संस्थान द्वारा फाल्कन हेवी रॉकेट लॉन्च किया गया?

(A) यूरोपीय स्पेस एजेंसी द्वारा
(B) स्काईरूट कॉर्पोरेशन द्वारा
(C) स्पेस एक्स कंपनी द्वारा ✓
(D) चीनी अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा

Q.61

किस शब्द में अव्ययीभाव समास नहीं है?

(A) सज्जन ✓
(B) अनुसार
(C) प्रतिदिन
(D) भरपेट

Q.62

तिस्ता तथा दिहांग नदी के बीच हिमालय जाना जाता है-

(A) पंजाब हिमालय
(B) कुमायूं हिमालय
(C) नेपाल हिमालय
(D) असम हिमालय ✓

Q.63

किस रियासत में रघुवर दयाल गोयल ने 1942 में प्रजामण्डल की स्थापना की ?

(A) भरतपुर
(B) जयपुर
(C) अलवर
(D) बीकानेर ✓

Q.64

सैम्बो लापुंग किस खेल से संबंधित है?

(A) पोल वॉल्ट
(B) कुश्ती
(C) शतरंज
(D) भारोत्तोलन ✓

Q.65

76वें स्वतन्त्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस वर्ष तक 'विकसित भारत' की घोषणा की?

(A) 2040
(B) 2044
(C) 2046
(D) 2047 ✓

Q.66

915849 का वर्गमूल है-

(A) 973
(B) 937
(C) 957 ✓
(D) 953

Q.67

राज्यपाल की अनुपस्थिति में उसके दायित्वों का निर्वहन कौन करता है?

(A) मुख्यमंत्री
(B) विधानसभा अध्यक्ष
(C) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश ✓
(D) मुख्य सचिव

Q.68

पोर्ट्रेट व लैंडस्केप विकल्प है :

(A) पेपर आकार का
(B) पेज ओरिएंटेशन का ✓
(C) पेज लेआउट का
(D) पेज साइज (आकार) का

Q.69

अर्धचालक गुणों के कारण कम्प्यूटर, टी.वी., आदि में उपयोग की जाने वाली अधातु है -

(A) कार्बन
(B) सिलिकन ✓
(C) सोडियम
(D) फ्लुओरीन

Q.70

सही विकल्प का चयन कीजिए जिसमें लुप्त अक्षर उसी क्रम में हो।

bab_a ab bb

(A) bbbbbaa
(B) abbaaba
(C) bbaabab ✓
(D) babaabb

Q.71

इस सवाल में चित्र है — app में देखें

Q.72

किस प्रकाशीय परिघटना के द्वारा सफेद प्रकाश का विभाजन सात संघटक वर्णों में होता है ?

(A) अपवर्तन
(B) परावर्तन
(C) वर्ण विक्षेपण ✓
(D) व्यतिकरण

Q.73

निम्न में से कौन-सा ग्राम पंचायत की आय का स्रोत है ?

(A) आय कर
(B) बिक्री कर
(C) संपत्ति कर
(D) भूमि कर ✓

Q.74

Fill in the correct word :
Both Mansi and Milli ___ the answer.

(A) know ✓
(B) knows
(C) knowing
(D) knowed

Q.75

Choose the words which are nearly opposite in meaning to the underlined words :
<u>Abolish</u>

(A) Conform ✓
(B) Terminate
(C) Eradicate
(D) Obliterate

Q.76

मध्यम पुरुष सर्वनाम का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है?

(A) आप बीमार हो गए थे? ✓
(B) मैं अपने आप चली जाऊँगी।
(C) वह चली गई।
(D) हम नहीं जाएँगे।

Q.77

यदि एक व्यक्ति का रक्त AB^- है, तो कौन उसे रक्तदान कर सकता है?

(A) A^+, B^-, O^-, AB^+
(B) A^-, B^+, O^+, AB^-
(C) AB^+, AB^-, O^+, O^-
(D) A^-, B^-, O^-, AB^- ✓

Q.78

'छप्पर पर फूस न होना' मुहावरे का सही अर्थ है -

(A) सभी उपाय करना
(B) बहुत परिश्रम करना
(C) अत्यन्त गरीब होना ✓
(D) बुरी तरह हारना

Q.79

सामान्यतया 32-bit कम्प्यूटर में कौन-सी संख्या प्रणाली का पालन किया जाता है?

(A) 2 ✓
(B) 8
(C) 12
(D) 16

Q.80

8 कीवी रु. 40 में बेचकर एक आदमी को 20% का नुकसान होता है। रु. 30 में कितने कीवी बेचकर उसे 20% का लाभ होगा?

(A) 2
(B) 3
(C) 4 ✓
(D) 5

Q.81

भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम वर्ष ____ में लागू हुआ।

(A) 1962
(B) 1972 ✓
(C) 1982
(D) 1992

Q.82

किसी समबाहु त्रिभुज का क्षेत्रफल $400\sqrt{3}$ वर्गमीटर है तो इसका परिमाप है -

(A) 120 मीटर ✓
(B) 150 मीटर
(C) 90 मीटर
(D) 135 मीटर

Q.83

"द फादर ऑफ आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस" कहा जाता है -

(A) जॉन मकार्थी को ✓
(B) एलन न्यूवेल को
(C) एलन ट्यूरिंग को
(D) मार्क जुकेरबर्ग को

Q.84

MS Word में Ctrl+S होता है-

(A) सिनेरियो के लिए
(B) साइज के लिए
(C) सेव करने के लिए ✓
(D) स्पैलिंग जाँचने के लिए

Q.85

निम्न अक्षरों के समूह में से कौन-से अक्षरों के समूह के अक्षरों पर समतल दर्पण से पार्श्व परिवर्तन का असर नहीं होता?

(A) HGA
(B) CEP
(C) HOX ✓
(D) KUL

Q.86

फिशर-ट्राप्स संश्लेषण में काम आने वाले मुख्यत: उत्प्रेरक हैं -

(A) रूथेनियम
(B) कोबाल्ट
(C) लोहा
(D) दिये गये सभी ✓

Q.87

हेमानन्द बिस्वाल, ____ राज्य के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री थे।

(A) असम
(B) मध्य प्रदेश
(C) अरुणाचल प्रदेश
(D) ओडिशा ✓

Q.88

'सौदामिनी' का शुद्ध रूप है –

(A) सुदामिनी
(B) सौदामिनि
(C) सौदामनी
(D) सौदामिनी ✓

Q.89

15 संख्याओं का औसत 40 है। उनमें प्रथम 8 संख्याओं का औसत 30 और अंतिम 8 संख्याओं का औसत 50 है तो आठवीं संख्या का मान होगा –

(A) 45
(B) 40 ✓
(C) 35
(D) 30

Q.90

आर. प्रग्नानन्दा किस खेल के प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?

(A) क्रिकेट
(B) शतरंज ✓
(C) हॉकी
(D) बिलियर्ड्स

Q.91

एक घन की सभी सतहों को लाल रंगा गया है। इसे 125 समान घनों में काटा जाता है। कितने घनों की तीन सतहों को रंगा गया है ?

(A) 10
(B) 8 ✓
(C) 25
(D) 64

Q.92

कालीबंगा का उत्खनन कार्य कितने स्तरों में किया गया?

(A) एक
(B) तीन ✓
(C) पाँच
(D) आठ

Q.93

कौन-से कार्यक्रमों का अकाल-राहत से सीधा संबंध है?

(A) मरुस्थलीय विकास कार्यक्रम

(B) सूखा संभाव्य क्षेत्रीय कार्यक्रम

(C) मरुस्थलीय विकास कार्यक्रम और सूखा संभाव्य क्षेत्रीय कार्यक्रम दोनों ✓

(D) नरेगा

Q.94

दिए गए विकल्पों में से उस संख्या समूह का चयन कीजिए जो संख्या समूह (2, 11, 56) के समान हो।

(A) (4, 20, 106)

(B) (3, 16, 81) ✓

(C) (5, 26, 79)

(D) (7, 35, 70)

Q.95

महिला पोशाक पोमचा किस अवसर पर पहना जाता है?

(A) शिशु के जन्म

(B) सगाई

(C) हरियाली तीज ✓

(D) गणगौर

Q.96

कौन-सी लूनी नदी की सहायक नदी अरावली पहाड़ियों से उद्गमित नहीं होती है?

(A) सुकड़ी नदी

(B) सागी नदी

(C) जोजड़ी नदी ✓

(D) जवाई नदी

Q.97

There is ..... milk in the glass, you can use it to make tea.

(A) a little ✓

(B) no

(C) little

(D) any

Q.98

सामान्य मानव नेत्र के लिए दूर बिन्दु होगा –

(A) 25 सेमी पर

(B) 50 सेमी पर

(C) 25 सेमी और अनन्त के बीच में

(D) अनन्त पर ✓

Q.99

राजस्थान के कितने जिलों में डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम लागू किया जा रहा है?

(A) 6
(B) 12
(C) 10
(D) 8 ✓

Q.100

कौन राजस्थान में गिद्ध संरक्षण के लिए अनुसंधान कार्य कर रहा है?

(A) दाऊ लाल बोहरा ✓
(B) भावना तंवर
(C) सुमेर सिंह भाटी
(D) अनिल चौपड़ा

Q.101

प्रसिद्ध 'बम नृत्य' राज्य के किस जिले से सम्बन्धित है?

(A) भरतपुर ✓
(B) बीकानेर
(C) जालौर
(D) जयपुर

Q.102

नोबेल शांति पुरस्कार-2022 निम्नलिखित में से किस देश के कार्यकर्ताओं को नहीं दिया गया?

(A) बेलारूस
(B) यूक्रेन
(C) रूस
(D) फिलीपींस ✓

Q.103

'सीताबड़ी' में किस जनजाति से सम्बन्धित मेला लगता है?

(A) गरासिया
(B) भील-मीणा
(C) सहरिया ✓
(D) कालबेलिया

Q.104

'REIMBURSE' के लिए सही पारिभाषिक शब्द है -

(A) प्रतिपूर्ति ✓
(B) आपूर्ति
(C) क्षतिपूर्ति
(D) संपूर्ण

Q.105

ग्रीगर मेंडल ने आनुवंशिक प्रयोग के लिए __ पादप का प्रयोग किया था।

(A) पाइसम सैटाइवम ✓
(B) ट्रिटिकम एस्टीवम
(C) ओराइज़ा सैटाइवा
(D) गौसिपियम हिर्सुटम

Q.106

अहीरवाटी बोली मुख्य रूप से राजस्थान के __ जिले में बोली जाती है।

(A) जयपुर
(B) अलवर ✓
(C) भरतपुर
(D) झुन्झुनू

Q.107

रानीपुर वन्यजीव अभयारण्य को __ का टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है।

(A) बिहार
(B) उत्तर प्रदेश ✓
(C) झारखण्ड
(D) ओडिशा

Q.108

यदि $2x - 3y = 79$ तथा $x + 6y = 47$ हो, तो $(x - y)$ का मान होगा -

(A) 40 ✓
(B) 42
(C) 38
(D) 44

Q.109

सूर्य को जानने के लिए नासा द्वारा प्रक्षेपित अन्तरिक्ष यान है -

(A) प्रोबिंग सन
(B) मिशन ऑन सन
(C) हॉकिंग सोलर प्रोब
(D) पार्कर सोलर प्रोब ✓

Q.110

Read the following passage and answer the question that follows :
The human mind, like nature, abhors a vacuum, it must be kept constantly supplied with ideas and ideals, great and noble which, in their turn will inspire great and noble work. Unfortunately, there are people who want to avoid serious thinking and prefer instead idleness of mind and body. So, in place of active, ennobling ideas, their minds are filled with loose mean and foolish thoughts which slowly corrode all nobleness and replace it by evil and mischievous notions, such men then do not shrink from any evil and freely indulge in quarrels, thefts, robbery and even murder. The only effective way of saving a man from such a terrible fate is to keep him constantly occupied with various kinds of useful and good work.
Choose the most important idea of the passage from the options below :

(A) Man must be kept busy all the time.
(B) Idle persons do harm to others.
(C) Always keep occupied with noble thoughts and ideals. ✓
(D) Some people like idleness of mind and body.

Q.111

निम्नलिखित श्रेणी में लुप्त पद है -
37, 40, 45, 52, 61, 72, 85, ?

(A) 98
(B) 99
(C) 100 ✓
(D) 101

Q.112

गंगा नदी की कौनसी नदी बायें किनारे की सहायक नदी नहीं है-

(A) कोसी
(B) यमुना ✓
(C) गण्डक
(D) घाघरा

Q.113

इन्दिरा गांधी नहर परियोजना वानिकी प्रोजेक्ट overseas economic co-operation fund का संयुक्त साहस है - निम्नलिखित में से कौन-से दो राष्ट्र के बीच यह समझौता हुआ था ?

(A) भारत और कनाडा
(B) भारत और चीन
(C) भारत और जापान ✓
(D) भारत और बांग्लादेश

Q.114

निम्नलिखित में से अकर्मक क्रिया का वाक्य चुनिए -

(A) माताजी कपड़े धो रही हैं।
(B) वह श्याम से पत्र लिखवाता है।
(C) पूजा पूजा कर रही है।
(D) हेमलता हँसती है। ✓

Q.115

राजस्थान के किस जिले में जिप्सम का उत्पादन सर्वाधिक होता है ?

(A) अजमेर
(B) बाड़मेर
(C) बीकानेर ✓
(D) कोटा

Q.116

यदि निम्नलिखित शब्दों को वर्णक्रमानुसार व्यवस्थित किया जाए तो कौन सा शब्द मध्य में आएगा ?
Cheque, Cheroot, Cheese, Cherish, Chemise

(A) Cheque ✓
(B) Cheese
(C) Cherish
(D) Chemise

Q.117

Complete the following sentence choosing the correct preposition.
I somehow managed to walk ___ the broken bridge.

(A) between
(B) across ✓
(C) in
(D) at

Q.118

तेन्दुआ पुनर्वास कार्यक्रम शुरू किया गया -

(A) बीकानेर जन्तुआलय से
(B) जैसलमेर नागफनी बगीचे से
(C) कोटा जन्तुआलय से
(D) जयपुर जन्तुआलय से ✓

Q.119

एक सीधी रेखा पर आसन्न कोण 5:4 के अनुपात में है तब छोटे कोण का मान है-

(A) 70°
(B) 80° ✓
(C) 90°
(D) 60°

Q.120

$\log_3 2 \cdot \log_4 3 \cdot \log_5 4 \cdot \log_6 5 \cdot \log_7 6 \cdot \log_8 7$ का मान है-

(A) $\frac{1}{2}$
(B) $\frac{1}{5}$
(C) $\frac{1}{4}$
(D) $\frac{1}{3}$ ✓

Q.121

किस हड़प्पाकालीन स्थल से सूचना पट्टा अभिलेख का साक्ष्य मिलता है?

(A) लोथल
(B) मोहनजोदड़ो
(C) धौलावीरा ✓
(D) राखीगढ़ी

Q.122

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संघ किस वर्ष में स्थापित हुआ था?

(A) 1948
(B) 1969 ✓
(C) 1978
(D) 1999

Q.123

निम्नलिखित में से कौन-सा पुल रूस तथा यूक्रेन को जोड़ने वाला लिंक था?

(A) नूक ब्रिज
(B) मारियुपूल ब्रिज
(C) इरपिन ब्रिज
(D) केर्च ब्रिज ✓

Q.124

राजस्थान पेट्रो-जोन कहां स्थित है?

(A) अलवर
(B) जोधपुर
(C) बाड़मेर ✓
(D) जैसलमेर

Q.125

रक्तचाप को संतुलित रखने से, निम्नलिखित में से किस व्याधि से बचा जा सकता है?

(A) हृदयाघात ✓
(B) टायफाइड
(C) पीलिया
(D) गठिया

Q.126

भारतीय संविधान में 'संघीय' शब्द -

(A) उद्देशिका में प्रयुक्त हुआ है
(B) संविधान के भाग III में प्रयुक्त हुआ है
(C) अनुच्छेद 368 में प्रयुक्त हुआ है
(D) कहीं भी प्रयुक्त नहीं हुआ है ✓

Q.127

ज्ञापन के विषय में असत्य कथन है -

(A) किसी सार्वजनिक सभा के लिए कर्मचारियों को आदेश दिया जाता है। ✓

(B) ज्ञापन में न 'महोदय' संबोधन होता है न 'भवदीय' स्व-निर्देशन।

(C) ज्ञापन अन्य पुरुष शैली में लिखा जाता है।

(D) ज्ञापन एक ही मंत्रालय, विभाग अथवा शाखा में अपने समकक्ष या अधीनस्थ अधिकारी अथवा कर्मचारी को दिया जाता है।

Q.128

यदि $\triangle ABC \cong \triangle PQR$ तथा $\triangle ABC, \triangle RPQ$ के सर्वांगसम नहीं है तो निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य नहीं है?

(A) $AC = PR$

(B) $AB = PQ$

(C) $BC = PQ$ ✓

(D) $BC = QR$

Q.129

'राष्ट्रीय मरु उद्यान' कहां स्थित है?

(A) बीकानेर-जैसलमेर

(B) जैसलमेर-बाड़मेर ✓

(C) बाड़मेर-जालौर

(D) जैसलमेर-जोधपुर

Q.130

राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल एक समिति की अनुशंसा पर करता है जिसका अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन होता है?

(A) गृहमंत्री

(B) मुख्यमंत्री ✓

(C) विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष

(D) विधानसभा अध्यक्ष

Q.131

'शान्ति और अहिंसा विभाग' गठित करने वाला देश का पहला राज्य कौन-सा है?

(A) पंजाब

(B) राजस्थान ✓

(C) हरियाणा

(D) गुजरात

Q.132

23, 30, 57 और 78 में से कौन-सी संख्या घटाई जाये कि शेष संख्याएँ समानुपाती हों?

(A) 6 ✓

(B) 7

(C) 8

(D) 9

Q.133

बर्मिंघम राष्ट्रमण्डल खेलों, 2022 में, भारत ने ___ पदक जीते।

(A) 35
(B) 49
(C) 51
(D) 61 ✓

Q.134

क्या राज्यपाल राज्य के विधानमंडल के सत्र में रहने के दौरान अध्यादेश जारी कर सकता है?

(A) नहीं ✓
(B) राष्ट्रपति की पूर्वानुमति से
(C) मंत्रिपरिषद् की सलाह से
(D) हाँ

Q.135

राजस्थान की परवन वृहद् सिंचाई परियोजना..... जिले में स्थित है।

(A) धौलपुर
(B) झालावाड़ ✓
(C) चित्तौड़गढ़
(D) कोटा

Q.136

राजस्थान राज्य हथकरघा विकास निगम किस वर्ष में संविधित हुआ था?

(A) 1984 ✓
(B) 1983
(C) 1985
(D) 1986

Q.137

मत्स्य संघ को बृहत् राजस्थान में किस समिति की सिफारिशों पर मिलाया गया?

(A) फजल अली समिति
(B) व्यास समिति
(C) शंकरराव देव समिति ✓
(D) वर्मा समिति

Q.138

Choose the word that is nearest in meaning to the word: **Pernicious**

(A) Harmful ✓
(B) Innocuous
(C) Conducive
(D) Reticent

Q.139

खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2022 का पाँचवाँ संस्करण किस राज्य में आयोजित किया जायेगा?

(A) गुजरात
(B) मध्य प्रदेश ✓
(C) उत्तर प्रदेश
(D) हरियाणा

Q.140

'बीकानेर के राठौड़ री ख्यात' के लेखक कौन थे?

(A) नैणसी
(B) कविमान
(C) दयालदास ✓
(D) सूरजभान

Q.141

'हीराकुड' बाँध निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(A) हरियाणा
(B) ओडिशा ✓
(C) झारखण्ड
(D) पश्चिम बंगाल

Q.142

पावर पॉइंट में प्रत्येक पेज क्या कहलाता है-

(A) वर्कशीट
(B) टेक्स्ट पेज
(C) स्लाइड ✓
(D) प्रस्तुति

Q.143

संविधान में संशोधन करने की प्रक्रिया किस अनुच्छेद में है -

(A) अनुच्छेद 360
(B) अनुच्छेद 365
(C) अनुच्छेद 368 ✓
(D) अनुच्छेद 324

Q.144

रम्मत नामक रंगमंच/नाट्य किस क्षेत्र से संबंधित है?

(A) भरतपुर
(B) उदयपुर
(C) टोंक
(D) बीकानेर ✓

Q.145

राजस्थान के किस जिले में, राज्य की दूसरी लैपर्ड सफारी शुरू की गई?

(A) सवाई माधोपुर
(B) जयपुर ✓
(C) सीकर
(D) अलवर

Q.146

____ कम्प्यूटर डिवाइस मुख्य रूप से हार्ड कापी प्रदान करने के लिये उपयोग में आता है।

(A) CRT
(B) प्रिंटर ✓
(C) कार्ड रीडर
(D) स्केनर

Q.147

रमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता इला भट्ट, जिनका 2 नवंबर, 2022 को निधन हो गया, ____ की स्थापना के लिए जानी जाती थीं।

(A) VSSC
(B) IRDA
(C) SEWA ✓
(D) WHG

Q.148

राजस्थान के मरु क्षेत्र हेतु जल पुनर्गठन परियोजना का वित्त पोषण किस एजेंसी ने किया है?

(A) विश्व बैंक
(B) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(C) न्यू डवलपमेंट बैंक ✓
(D) एशियन डवलपमेंट बैंक

Q.149

नमदा के लिए कौन-सा स्थान प्रसिद्ध है?

(A) टोंक ✓
(B) जयपुर
(C) बीकानेर
(D) बाड़मेर

Q.150

मैचों की श्रृंखला में कबड्डी टीम द्वारा बनाये गये अंक इस प्रकार है :
17, 3, 7, 27, 15, 5, 14, 8, 10, 25, 50, 10, 8, 7, 18, 29
टीम द्वारा बनाये गये अंकों की माध्यिका है -

(A) 12 ✓
(B) 10
(C) 25
(D) 18



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in